# श्रद्धालुओं से भरी पिकअप पलटी, एक की मौत, 12 जने घायल

**सादुलपुर,** (निसं)। राजगढ़ थानान्तर्गत गुरुवार रात्रि को एन.एच. 52 पर यूपी से ददरेवा में गोगाजी महाराज के धोक लगाने आ रहे श्रद्धालुओं से भरी पिकअप गाड़ी संतुलन बिगड़ने से पलट गई। इस हादसे में 12 श्रद्धालू घायल हो गये, जबकि एक श्रद्धालु की मौत हो गई। समाचार अपडेट किये जाने तक इस संबन्ध में मामला दर्ज नहीं हुआ है।

■ **श्रद्धालू यूपी से गोगाजी महाराज के दर्शन करने ददरेवा आये थे**

हादसे की सूचना मिलने पर राजगढ़ थाना के एएसआई रामनिवास मौके पर पहुंचे। घायलों को पुलिस ने निजी वाहनों एवं एंम्बुलेंस से राजगढ के राजकीय उपजिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां से चिकित्सकों ने पांच घायल श्रद्धालुओं की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक इलाज के बाद रेफर कर दिया गया। डीबी अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में डॉक्टर ने उत्तर प्रदेश के मैनपुरी निवासी राजू सिंह उम्र 45 को मृत घोषित कर दिया। चिकित्सकों ने गंभीर घायल श्यामवीर और राजेन्द्र को प्राथमिक इलाज के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। इसके अलावा शीला और धर्मपाल का अस्पताल में इलाज चल रहा है। एएसआई रामनिवास ने बताया कि पिकअप ड्राइवर की लापरवाही के कारण पिकअप का संतुलन बिगड गया। जिससे पिकअप पलट गई।



राजगढ़ में श्रद्धालुओं से भरी पिकअप गाड़ी संतुलन बिगड़ने से पलट गई।

घटना में उपेन्द्र उम्र 35 साल, मिथलेश देवी उम्र 50 साल, बीटू उम्र 32 साल, अनुज उर्फ चींटू उम्र 35 साल, सुखा देवी उम्र 35 साल, संतोष उम्र 40 साल, सुषमा उम्र 55 साल, धीरपाल उम्र 55 साल, कमलेश उम्र 49 तथा रेखा देवी उम्र 40 साल निवासीगण मैनपुरी उत्तरप्रदेश घायल हो गए। वहीं पांच घायलों का इलाज राजगढ के एक निजी अस्पताल में करवाया गया है हादसे में घायल महिला ने बताया कि बुधवार रात को मैनपुरी उतर प्रदेश से ददरेवा के लिए रवाना हुए थे। ददरेवा गोगाजी महाराज के धोक लगाकर आगे हनुमानगढ गोगामेडी जाने की तैयारी में थे, तभी इससे पहले ही यह हादसा हो गया। पुलिस ने मृतक के शव को डीबी अस्पताल की मार्चुरी रूम में रखवा है। परिजनों के आने के बाद शव का पोस्टमॉर्टम करवाया जाएगा।

## दस शिक्षकों का सम्मान किया

**सुजानगढ़,** (निसं)। शिक्षक दिवस पर लॉयंस क्लब द्वारा 10 सेवानिवृत शिक्षकों का सम्मान किया गया। माहेश्वरी सेवा सदन में क्लब अध्यक्ष कमल कुमार तापडिया की अध्यक्षता एवं समाजसेवी मूलचंद तिवाडी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित समारोह में शॉल, श्रीफल एवं सम्मान पत्र प्रदान कर शिक्षकों का सम्मान किया गया।

इस दौरान उपस्थित जनों को सम्बोधित करते हुए अध्यक्ष कमल तापडिया ने कहा कि अध्यापक एक पारस पत्थर की तरह होते हैं, जो लोहे को भी स्वर्ण बना देते है। उनका सम्मान सदैव होना चाहिए। समारोह की मुख्य वक्ता प्रधानाचार्य सरोज वीर पूनिया, पूर्व प्राचार्य हीरालाल गोदारा ने उपस्थित जनों को सम्बोधित करते हुए अपने विचार व्यक्त किये। इस दौरान सम्मानित अध्यापकों एवं अध्यापिकाओं ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में शिक्षाविद हीरालाल गोदारा, पुष्पलता मित्तल, मूलचंद स्वामी, शारदा आर्य, कृष्णपाल अत्रि, स्नेहप्रभा मिश्रा, दर्शनलाल भरतवाल, सुमन अग्रवाल व कौशल्या गुलेरिया का सम्मान किया गया। समारोह में कोमल गौड, श्याम स्वर्णकार, योगेश चतुर्वेदी, राधिका राठी सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संयोजन देवकृष्ण मालपानी ने किया।

## बच्चे ने गुल्लक फोड़कर नानी बाई का मायरा भरा

**सुजानगढ,** (निसं)। जिस प्रकार भगवान श्री कृष्ण ने नानी बाई का मायरा था, उसी प्रकार निकटवर्ती गांव पारेवडा में कृष्ण नाम के बच्चे ने अपना गुल्लक फोड कर नानी बाई का मायरा की कथा के दौरान भरे गये मायरे में अपना योगदान दिया है।

हीरनाथ सिद्ध ने बताया कि गांव पारेवडा की राधा कृष्ण गौशाला में नानी बाई के मायरे की कथा चल रही है। व्यासपीठ पर विराजमान होकर आशाराम महाराज सोनियासर द्वारा श्रद्धालुओं को कथा का श्रवण करवाया जा रहा है। हीरनाथ ने बताया कि कथा के दौरान गांव का बालक कृष्ण अपना गुल्लक लेकर आया और उसने मंच पर सबके सामने गुल्लक फोड कर उसमें से निकले 7111 रूपये तथा चांदी के सिक्के नानी बाई के मायरे में भेंट स्वरूप प्रदान किये। इस दौरान उपस्थित जनों को सम्बोधित करते हुए कथा वाचक आशाराम महाराज ने कहा कि इस छोटे से बच्चे से प्रेरणा लेते हुए सभी अपने धन को पुनीत कार्य में लगावें। इस दौरान लक्ष्मीनारायण केवटिया, पेमनाथ सिद्ध, मालूराम सारण, रामचन्द्र नाथ सिद्ध, बालूराम केवटिया, रामनारायण प्रजापत, श्रवणनाथ सिद्ध, हीरनाथ सिद्ध सहित आस-पास के गांवों से आये हुए अनेक महिला एवं पुरूष मौजूद थे।

## सार-समाचार

### शिक्षाविदों को सम्मानित किया



**चूरू,** (निसं)। लायंस क्लब की ओर से शिक्षक दिवस पर नगरश्री सभागार में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। क्लब अध्यक्ष एमजेएफ लायन अनुराग शर्मा ने बताया कि शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में क्लब द्वारा शहर के शिक्षाविदों का सम्मान किया गया। क्लब एडमिनिस्ट्रेटर एवं प्रांतीय सचिव लायन डॉ. कमल वशिष्ठ ने बताया कि क्लब अध्यक्ष आर्किटेक्ट अनुराग शर्मा की अध्यक्षता में हुये कार्यक्रम में शिक्षाविद् ज्ञान प्रकाश गुप्ता, मोहनलाल शर्मा, विश्वनाथ शर्मा, सत्यनारायण सैनी, श्याम सुंदर शर्मा, शक्ति सिंह राठौड़ व मीना सैनी का पुष्प गुच्छ, श्रीफल, शॉल व प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर शिक्षक ज्ञान प्रकाश गुप्ता व मोहनलाल शर्मा ने शिक्षक व शिष्य की भूमिका पर प्रकाश डाला और समाज को एक अच्छे शिक्षक से क्या अपेक्षाएं हैं, विषय पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये क्लब अध्यक्ष अनुराग शर्मा ने शिक्षकों का स्वागत करते हुए लायंस क्लब द्वारा पीड़ित मानवता की सेवा में किए जा रहे सेवा कार्यों की जानकारी दी। इस अवसर पर क्लब के वरिष्ठ सदस्य शैलेंद्र माथुर, डॉ. एसएम शर्मा, कार्यक्रम संयोजक बालकिशन राजगड़िया, क्लब सचिव मुकुल सिगतिया, कोषाध्यक्ष आबिद खान, विनोद शर्मा, चन्द्रप्रकाश खत्री, राजीव शर्मा, महेंद्र धानुका, मनोज जांगिड़, पुनीत क्याल, दीनदयाल सैनी, ताराचंद प्रजापत, डॉ. पवन जांगिड़, मंगतूराम सैनी, ओम प्रकाश बैरवा, विजय इसरानी सहित शहर के शिक्षक व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. कमल वशिष्ठ ने किया।

### गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम

**रतनगढ़,** (निसं)। भारत विकास परिषद्, शाखा-रतनगढ़ द्वारा स्थानीय राजकीय श्री संचियालाल बैद बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन से शुरू हुए कार्यक्रम में संस्था प्रधान जगदीश प्रसाद शर्मा द्वारा परिषद् सदस्यों का स्वागत किया तत्पश्चात प्रान्तीय उपाध्यक्ष वासुदेव चाकलान ने परिषद् की रीति – नीति पर प्रकाश डालते हुए परिषद् द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों के बारे में बताया। गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम की महत्ता बताते हुए प्रकल्प प्रभारी राजेंद्र सिंह बीदावत ने गुरूजनों द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने का आव्हान किया। कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली सरोज महला, रमा खैरवाल एवं उम्मेदसिंह को दुपट्टा व शॉल ओढ़ाकर व श्रीफल, स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र भेंट कर वंदन किया गया। अपनी-अपनी कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्रा खुशबू प्रजापत, माया मेघवाल व यासमीन को दुपट्टा ओढ़ाकर व प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो भेंट कर अभिनंदन किया गया। सचिव परमेश्वर लाल आत्रेय ने शपथ दिलाई व किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहने का आग्रह किया।विनोद चौमाल ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर सुखदेव सांखोलिया, पवन महर्षि, मनोज सारस्वत, श्रवण कुमार, शिशुपाल घूघरवाल, रूक्मणी सहित विद्यालय स्टाफ व विद्यार्थियों की उपस्थित रही। कार्यक्रम संचालन वित सचिव शैलेश शर्मा ने किया।

### सुशील कुमार अध्यक्ष बने

**झुंझुनूं,** (निसं)। अजमेर विद्युत वितरण निगम श्रमिक संघ संबद्ध भारतीय मजदूर संघ की उपखंड इकाई ग्रामीण झुंझुनूं की बैठक कार्यालय परिसर में श्रमिक संघ के सत्यप्रकाश शर्मा की अध्यक्षता में तथा डिस्कॉम महामंत्री देवकरण सैनी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रघुवीर सिंह, उपाध्यक्ष सुनील शर्मा, द्वारकाप्रसाद के सान्निध्य में संपन्न हुई। बैठक में श्रमिक समस्याओं पर चर्चा की गई तथा निगम प्रशासन द्वारा शीघ्र निराकरण करने के लिए आश्वस्त किया। बैठक के दौरान जिला महामंत्री सुरेश कुमार शर्मा ने सर्वसम्मति से उपखंड ग्रामीण झुंझुनूं की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया। जिसमें विक्रम यादव संरक्षक, सुशील कुमार अध्यक्ष, नितेश सैनी कार्यकारी अध्यक्ष, संदीप कौशिक वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सुरेंद्र मीणा, सुशील शर्मा, राजकुमार, राकेश मीणा को उपाध्यक्ष, नवीन डांगी को सचिव, अशोक सानोदिया कोषाध्यक्ष, मुकेश गोयल संगठन मंत्री तथा रोहिताश सैनी, अशोक बिंजूसर, अनिल कुलहरि, रोहित, आजाद, कुलदीप शर्मा को सदस्य मनोनीत किया गया।

### विद्यालय विकास में सहयोग किया

**झुंझुनूं,** (निसं)। दोरासर गांव की राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में विद्यालय विकास के लिए सामग्री व नगद राशि दान कर सहयोग प्रदान किया है। विद्यालय की प्रधानाचार्या दुर्गावती ने बताया कि गांव के इंद्रपाल सिंह महला पुत्र धुनाराम महला ने लगभग 40000 लागत की दो बैटरी व इनवर्टर भेंट किया है। इंद्रपाल सिंह महला वर्तमान में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मालसर में व्याख्याता पद पर कार्यरत हैं। इसी प्रकार विद्यालय में कार्यरत कंप्यूटर अनुदेशक अनिल कुमार सैनी की प्रेरणा से घरडाना खुर्द निवासी भामाशाह संजय राव ने ज्ञान संकल्प पोर्टल के माध्यम से 100000 दान किए। समस्त विद्यालय परिवार ने दोनों भामाशाहों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

### शिक्षकों का किया सम्मान

**झुंझुनूं,** (निसं)। शिक्षक दिवस के अवसर पर ब्लॉक झुंझुनूं में शिक्षकों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला प्रमुख, सीडीपीओ, डीईओ एलीमेंट्री मनोज ढाका, सीबीईओ व एडीईओ उम्मेद महला थें इस अवसर पर राउमावि नयासर के व्याख्याता विक्रम सिंह बुडानिया, अजाड़ी के अध्यापक रामस्वरूप व इंडाली की शारीरिक शिक्षक करूण शर्मा को सम्मानित किया गया।

## दो दिवसीय गणेश चतुर्थी महोत्सव का शुभारंभ

**खेतड़ी,** (निसं)। खेतड़ी कस्बे के झोझू धाम स्थित श्रीगणेश मंदिर में शुक्रवार को दो दिवसीय गणेश चतुर्थी महोत्सव का शुभारंभ किया गया। वृंदावन तपोवन आश्रम के महंत विद्यार्थी महाराज के सानिध्य में मुख्य यजमान सुरेश कुमार कानोड़िया ने विधिवत रूप से हवन कर महाआरती का आयोजन किया गया।

श्रीतपोवन आश्रम वृंदावन के पीठाधीश्वर विद्वार्थी महाराज ने बताया कि पिछले साल भगवान गणेश के दोनों पुत्र शुभ-लाभ की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा की थी। गणेश चतुर्थी महोत्सव को लेकर खेतड़ी के झोझु धाम स्थित सिद्धिविनायक मंदिर में दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। आज से 21 वर्ष पूर्व उन्होंने खेतड़ी के मंदिरों के दर्शन किए तो भगवान गणेश का मंदिर नहीं होने पर वह आश्चर्य चकित रह गए तो उन्होंने ग्रामीणों से इस विषय में चर्चा की और 2003 में झोझू धाम में भगवान गणेश का रिद्धि सिद्धि सहित मंदिर बनवाया। गणेश चतुर्थी के अवसर पर झोझू धाम स्थित मेले का आयोजन किया जाता है, जिसको लेकर मंदिर कमेटी की ओर से विशेष तैयारी की जा रही है। मंदिर को भव्य रूप से सजाया जा रहा है तथा मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं की व्यवस्था को लेकर पूरी तरह से तैयारी की जा रही है। मेले में श्रद्धालुओं को भगवान श्रीगणेश के दर्शन को लेकर किसी प्रकार की कोई परेशानी का सामना न करना इसके लिए पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। समारोह में महाआरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान खेतड़ी कस्बे के अलावा आसपास के ग्रामीणों ने भी भाग लिया। इस मौके पर पूर्व पालिकाध्यक्ष उमराव सिंह कुमावत, विजेश शाह, सुभाष चेजारा, श्रीराम चेजारा, पारस वर्मा, गुलाब चंद, राजेंद्र प्रसाद, दौलत सिंह, राकेश कुमार, कमलेश सैनी, हजारीलाल, विष्णु पुजारी, नरेंद्र कुमार, शयोराम सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## जिला कलेक्टर ने सालासर बालाजी की पूजा अर्चना की

**सुजानगढ,** (निसं)। जिला कलेक्टर पुष्पा सत्यानी ने सालासर बालाजी मंदिर में दर्शन कर शीश नवाया और पूजा-अर्चना कर जिले व देश-प्रदेश में सुख-समृद्धि व खुशहाली की कामना की।

श्री हनुमान सेवा समिति के अध्यक्ष यशोदानंदन पुजारी ने पूजा-अर्चना करवाई तथा मांगीलाल पुजारी, मनोज पुजारी, सुरेश पुजारी, राजाराम, जीतमल शर्मा सहित अन्य ने बालाजी की प्रतिमा भेंटकर एवं दुपट्टा ओढाकर जिला कलक्टर का सम्मान किया। इस अवसर पर सुजानगढ एडीएम मंगलाराम पूनिया, चूरू एसडीएम बिजेंद्र सिंह, एसडीएम ओमप्रकाश वर्मा, एपीआरओ मनीष कुमार, तहसीलदार सुभाष स्वामी, नायब तहसीलदार अमरसिंह, शंकरलाल ने जिला कलक्टर का श्रीफल भेंट कर व शॉल ओढाकर सम्मान किया

## नगर परिषद ने 95 कच्चे-पक्के अतिक्रमण हटाए

**चूरू,** (निसं)। नगर परिषद की टीम शुक्रवार को अतिक्रमण हटाओ अभियान के दूसरे दिन नगर परिषद एईएन रवि राघवानी के नेतृत्व में परिषद के कर्मचारियों के साथ आपणी योजना के पास पहुंची। जहां अधिकारियों-कर्मचारियों और पुलिस टीम को देखकर कई लोगों ने खुद ही अतिक्रमण हटा लिया।

नगर परिषद् की ओर से दो दिवसीय अभियान चलाया गया, जिसमें आपणी योजना से पंखा सर्किल तक सड़क के दोनों ओर किए गए अतिक्रमण में करीब 95 कच्चे-पक्के अतिक्रमण हटाये गये। इस मार्ग पर कुछ ठेला संचालकों ने अवैध रूप से अतिक्रमण कर रखा था।

पंचायत समिति के पास कुछ लोगों ने अतिक्रमण हटाओ अभियान का विरोध भी किया था, लेकिन बाद में समझाइस के बाद खुद के स्तर पर ही अतिक्रमण हटा लिया गया था। इस अवसर पर नगर परिषद् के एईएन रवि राघवानी, सहायक प्रशासनिक अधिकारी हरिश गुर्जर, कार्यवाहक सफाई निरीक्षक मनीराम डाबी, सहायक सफाई निरीक्षक मुकेश कुमार, सचिन कुमार सहित बड़ी संख्या में पुलिस जाब्ता और परिषद् के कर्मचारी उपस्थित थे।



नगर परिषद की टीम ने पंखा सर्किल तक अतिक्रमण हटाये।

## तृतीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन

**सादुलपुर,** (निसं)। राजगढ शहर की शिक्षा एवं साहित्य विकास समिति द्वारा शुक्रवार को तृतीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन माईड ग्रोथ चिल्ड्रन एकेडमी विद्यालय राजगढ के प्रांगण में किया गया।

मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी बबलेश कुमार शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष रजिया बेगम एवं विशिष्ट अतिथि निसार मोहम्मद चौहान, यासीन खान, सदीक खान खींची, प्रिंसिपल सुनील शर्मा, महावीर सिंह शेखावत, हरि सिंह भाटी, दिलीप कुमार जांगिड, अख्तर खान, शंकर लाल प्रजापत, प्रिंसिपल हासम खान खींची, तैयब खान, ईकबाल खान, सादिक खान पीटीआई, चंद्रशेखर चौधरी, पुरुषोत्तम कुमार पांडिया एवं संतोष जांगिड पंछी थे।

संस्था के संरक्षक डॉ. दीपचंद साहू, डॉ. कौशल पूनियां, सुखवीर चाहर, दलीप कुमार जांगिड एवं सुनील लांबा के द्वारा पधारे हुए अतिथियों का स्वागत किया गया। संस्था संरक्षक महावीर सिंह शेखावत ने संस्था का संक्षिप्त परिचय देते हुए बताया कि राजगढ शहर की प्रमुख15 से अधिक निजी शिक्षण संस्थाए इस संगठन से जुडी है एवं बालकों के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन तथा शिक्षक सम्मान के विभिन्न कार्यक्रम इस संस्था द्वारा समय-समय आयोजित किए जाते रहे हैं।

शहर की प्रथम महिला एवं नगर पालिका अध्यक्ष रजिया बेगम ने शिक्षकों को सम्मानित करते हुए कहा कि शिक्षकों का सम्मान एक सुंदर समाज की संकल्पना है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी राजगढ बबलेश शर्मा ने कहा कि इस संस्था द्वारा राजगढ की दिवंगत हस्तियों को याद करते हुए अभिनन्दन करना एक अनुठी पहल और हमें रोंमाचित करने वाला क्षण है। उन्होंने कहा कि हम अपने आप को गौरवान्वित महसूस करते हैं कि राजगढ की पावन धरा पर ऐसे असाधारण व्यक्तित्वों ने जन्म लिया। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. राजेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि इस अवसर पर राजगढ में शिक्षा तथा खेल जगत में अपना अमूल्य योगदान देने वाले दिवंगत हस्तियों स्व. फकीरचंद चौधरी, स्व. बनवारी लाल शास्त्री, स्व. हनुमान प्रसाद सुरोलिया, स्व. लाल सिंह भाटी, जनाब सफी मोहम्मद, जनाब मुस्ताक बेग, स्व. मान सिंह जांगिड को याद करते हुए उनके जीवनवृत को सभी के समक्ष पढकर सुनाया गया।

## गणेश जी का आज 251 किलो दूध से अभिषेक

**सुजानगढ,** (निसं)। श्री सिद्धि गणेश सेवा समिति द्वारा श्री सिद्धि गणेश मंदिर में आयोजित 32 वें गणेश चतुर्थी महोत्सव 2024 के 10 दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत दूसरे दिवस की पूजा में मुख्य यजमान पवन सोनी, सहदेव सोनी, गिरधारी लाल जांगिड, सुमन सोनी, सुमित्रा सोनी, शंकर सैनी ने पूजा की। पंडित सोमदत दाधीच, विनोद दाधीच ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना सम्पन्न करवाई।

समिति अध्यक्ष अरविन्द सोनी ने बताया कि शनिवार को गणेश चतुर्थी के अवसर पर भगवान श्री सिद्धि गणेश का 251 किलो दूध से सुबह 6 बजे से 11 बजे तक दुग्धाभिषेक किया जाएगा। दोपहर 12 बजे जन्मोत्सव मनाया जाएगा। शनिवार शाम को महाआरती के पश्चात चित्रकूट से आये हुए कलाकारों द्वारा 8 दिवसीय रामलीला का मंचन किया जायेगा

## उप चुनाव में भाजपा और निर्दलीय ने मारी बाजी

**सादुलपुर,** (निसं)। नगर पालिका के दो वार्डों में हुए उपचुनाव में शुक्रवार को हुई मतगणना में भाजपा और निर्दलीय प्रत्याशियों ने बाजी मारी।

■ **भाजपा कार्यकर्ताओं ने विजयी जुलूस निकाला**

एसडीएम सुशील कुमार सैनी ने बताया कि मतगणना के पश्चात जारी परिणाम के अनुसार उपचुनाव में वार्ड 38 से भाजपा प्रत्याशी ग्यारसी देवी मेघवाल ने कांग्रेस प्रत्याशी मैना बेगम को 84 वोट से हराया। वार्ड 06 से निर्दलीय प्रत्याशी सत्य प्रकाश ने भाजपा प्रत्याशी श्रीराम मीणा को 229 वोटों से हराया। जबकि भाजपा प्रत्याशी को मात्र 185 वोटों के साथ हार का सामना करना पडा।

उपचुनाव में वार्ड 38 में भाजपा ने कांग्रेस को तथा वार्ड नम्बर 06 में निर्दलीय प्रत्याशी ने भाजपा को पराजित किया है।

परिणाम घोषणा के बाद विजेता प्रत्याशियों को प्रमाण पत्र सौंप कर पद एव गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर उपचुनाव में रिटर्निंग एवं उपखण्ड अधिकारी सुशील कुमार सैनी एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी तहसीलदार इमरान खान पठान ने शांतिपूर्ण मतदान के लिए मतदाताओं तथा अधिकारियों और कार्मिकों का आभार जताया है।

भाजपा वरिष्ठ नेता महावीर पूनिया, पूर्व विधायक नंदलाल पूनिया एवं भाजपा युवा नेता जोगेन्द्र झाझडिया, पालिका उपाध्यक्ष ललिता पूनिया, रामसिंह पूनिया, रामावतार बैरासरिया, मण्डल अध्यक्ष व भाजपा के बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने विजयी प्रत्याशी ग्यारसी देवी मेघवाल के विजयी जूलस में शामिल होकर बधाई दी।

## भारतीय किसान संघ की मासिक बैठक

**सादुलपुर,** (निसं)। भारतीय किसान संघ की मासिक बैठक शुक्रवार को तहसील अध्यक्ष अनिल भाकर की अध्यक्षता एवं जिला अध्यक्ष मुकेश रामपुरा की सानिध्य में बिजली बोर्ड मजदूर भवन में संपन्न हुई। बैठक में गांव रामपुरा एवं खुंडियावास की बिजली संबंधी समस्याओं के बारे में चर्चा हुई।

वहीं पिछले माह की बैठक में जो बिजली संबंधी समस्याओं का समाधान हुआ और इस माह में आई बिजली संबंधी समस्याओं के बारे में सहायक अभियंता राजगढ को अवगत करवाया तथा ज्ञापन दिया गया। साथ ही जल्द से जल्द समस्याओं का समाधान हो जिसमें 11 केवी ट्रांसफार्मर की पोल एक एलटी लाइन शामिल है और मीटिंग में प्रस्ताव लिया गया। झींगा मछली पालन हेतु झींगा फॉर्म तुरंत प्राथमिकता की नई श्रेणी तय की जाए। मुकेश रामपुरा ने बताया कि सामान्य टैरिफ पर कनेक्शन की मांग को लेकर ऊर्जा मंत्री से मिला जाएगा ताकि झींगा मछली को कृषि उत्पादन में लाया जाए, गांव रामपुरा बेरी में बहुत ज्यादा बारिश होने की वजह से गोकुल पुत्र सुल्तान मेघवाल का मकान गिर गया। भारतीय किसान संघ के सदस्यों ने घर जाकर मौका मुआयना कर प्रस्ताव में लिया गया

## आकाशीय बिजली गिरने से पांच बकरियां मरीं, दो घायल

**सादुलपुर,** (निसं)। शुक्रवार दोपहर को सांखू फोर्ट के गांव खारिया बास में तेज बरसात के दौरान आकाशीय बिजली गिरने के कारण पांच बकरियों की मौत हो गई, जब दो बकरी घायल हो गई।

शेर सिंह गोस्वामी ने बताया कि शुक्रवार को गांव खारिया बास की रोही में भागीरथ पूनियां के खेत में ढाणी गुसाईं निवासी दो सगे भाई शैतान सिंह गोस्वामी उम्र 60 वर्ष व रामस्वरूप गोस्वामी उम्र 75 वर्ष पुत्र भूपगीर दोनों अपनी भेड व बकरियों को चरा रहे थे। दोपहर करीबन 2.30 बजे तेज बरसात आने के कारण दोनों भाईयों की 25 बकरियां व भेड़ एक पेड़ के नीचे झूंड बनाकर बैठी थी।

उसी दौरान अचानक से गिरी आकाशीय बिजली की चपेट में आने से पांच बकरियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो बकरी घायल हो गई। हांलाकि गनीमत ये रही कि दोनों चरवाहे दूसरे पेड के नीचे थे, अन्यथा बड़ी जनहानी हो सकती थी।

वहीं घटना की मिली सूचना पर सामाजिक कार्यकर्ता सत्यप्रकाश जाखड ने घटना का जायजा लिया तथा हमीरवास थाना पुलिस को घटनाक्रम की जानकारी देकर चरवाहों को उचित मुआवजा देने की मांग की। जिस पर मौके पर हमीरवास थाने से मनोज हैड कास्टेबल एवं सांखू से पशु चिकित्सक अशोक बलोदा मौके पर पहुंचे तथा घटना का जायजा लिया तथा मृत बकरियों को पोस्टमार्टम की कार्यवाही कर उन्हें दफनाया गया।



गांव खारिया बास में तेज बरसात के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से पांच बकरियों की मौत हो गई।

## शिक्षक दिवस पर हिंदी संगोष्ठी का आयोजन

**सीकर,** (निसं)। पंजाब नेशनल बैंक मंडल कार्यालय जयपुर सीकर की ओर से शिक्षक दिवस के अवसर पर मंडल कार्यालय सीकर परिसर में हिंदी संगोष्ठी का आयोजन किया गया एवं विभिन्न विद्यालयों से शिक्षकों को आमंत्रित कर बैंकिंग एवं तनाव ग्रस्त जीवन विषय पर विचार विमर्श किया गया।

इस अवसर पर भारतीय परंपरा के अनुसार तिलक लगाकर शिक्षकों को सम्मानित किया गया एवं मंडल कार्यालय जयपुर सीकर के उप मंडल प्रमुख विमल कुमार शर्मा ने शिक्षकों को पौधा एवं स्मृति चिन्ह देकर उनका अभिवादन किया।

सभी शिक्षकों ने बैंकिंग एवं तनाव ग्रस्त जीवन पर अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर डॉ. जी.एस. कलवानिया सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य कल्याण राजकीय महाविद्यालय सीकर, प्रमिला सिंह शिक्षाविद एवं मोटिवेशनल स्पीकर, आनंद चौधरी वरिष्ठ अध्यापक अंग्रेजी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बैरास, पंकज, सरिता, रतनी देवी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बाजौर एवं टपूकड़ा अलवर से एसएसटी टीचर प्रदीप मौजूद रहे। धन्यवाद ज्ञापित प्रबंधक प्रीतम जोसवाल ने किया।

## 72 बच्चों की वजन एवं लम्बाई मापी

**सुजानगढ़,** (निसं)। शहर के आंगन बाडी केंद्र संख्या 32 में सप्तम राष्ट्रीय पोषण माह अभियान के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पोषक खान-पान के बारे में जानकारी दी गई। महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी गौरव चौधरी एवं महिला पर्यवेक्षक चंद्रप्रभा शर्मा के दिशा निर्देश पर माह सितंबर 2024 में अभियान में बाल वृद्धि निगरानी के अंतर्गत केंद्र पर छह वर्ष तक के बच्चों का स्टीडोमीटर, इन्फेंटोमिटर एवं वजन मशीन द्वारा लंबाई एवं वजन किया गया। केंद्र कार्यकर्ता सुशीला पुरोहित ने बताया कुल 72 बच्चों का वजन एवं लंबाई मापी गई।

**न्यायालय तहसीलदार (राजस्व)**
**लूनकरनसर जिला बीकानेर**
क्रमांक- तलू/राजस्व/रीडर/2024/1725
दिनांक- 05.09.2024
**सार्वजनिक सूचना**
जरिये सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय में प्रार्थी रामस्वरूप पुत्र मनफुल जाति जाट निवासी धीरवास बड़ा तहसील तारानगर जिला चूरू द्वारा निवेदन किया गया कि प्रार्थी की पत्नि विद्या पत्नि रामस्वरूप के नाम से ग्राम राजासर उर्फ करणीसर पटवार हल्का राजासर उर्फ करणीसर तहसील लूनकरनसर जिला बीकानेर में ग्राम राजासर उर्फ करणीसर में खेत खातेदारी खाता संख्या 516 खसरा नम्बर 202 तादादी 2.6300 है., खसरा नम्बर 203 तादादी 2.7800 हैक्टेयर, खसरा नम्बर 206 तादादी 5.2000 है., ख.नं. 210 तादादी 2.5300 है. कुल तादादी 13.4400 है. खातेदारी राजस्व रिकार्ड भूमि दर्ज है। उक्त खातेदारी भूमि मेरी पत्नि विद्या की स्वयं अर्जित है। मेरी पत्नि विद्या ने अपने पुत्रों रामचन्द तेतरवाल, भीम सेन तेतरवाल जाति जाट निवासी धीरवास बड़ा तहसील तारानगर जिला चूरू के नाम से वसीयत लिखी थी। मेरी पत्नि विद्या का दिनांक 23.02.2024 को स्वर्गवास हो चुका है। अब मै मेरी पत्नि विद्या के नाम दर्ज खातेदारी भूमि का वसीयत का नामांतकरण दर्ज करवाना चाहता हुँ। अतः विज्ञप्ति जारी कर सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वसीयत को लेकर अगर किसी को इस बाबत कोई उज्र/एतराज है तो वह अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में इस नोटिस के समाचार पत्र प्रकाशन के 15 दिवस में मय साक्ष्य प्रस्तुत कर सकता है। बाद मियाद किसी उज्र/एतराज पर विचार नही किया जावेगा एवं विधि अनुसार प्रार्थना पत्र का निस्तारण कर दिया जावेगा। सार्वजनिक सूचना आज दिनांक 05.09.2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर से जारी की गई।
तहसीलदार (राजस्व)
लूनकरनसर जिला बीकानेर

**प्रधिकृत अधिकारी का कार्यालय नगर परिषद् हनुमानगढ़ (राजस्थान)**
क्रमांकः- **लोक सूचना** दिनांक-
आवेदक श्रीमती सुरजी देवी पुत्री श्री गणपतराम पत्नी श्री नत्थूराम जाति मेघवाल निवासी हनमानगढ़ टाउन ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर-कृषिक आवासीय परियोजना के उपयोग हेतु ऐसी भुमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है अर्थतः-

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम/चक नं. | खसरा संख्या/ पत्थर नं. | किला न. | क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| हनुमानगढ़ | चक 18 एचएमएच | 128/277 (58) | 24/02 (0.126), 25/1 (0.215) | कुला रकबा 0.341 है. यानि 3410 वर्गमीटर |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त सम्बधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को रजस्थान भु-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूवेक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने एवं अभिधृति अधिकारो के निर्वाप्पन पर कोई आक्षेप हैतो वह इस नोटिस के प्रकाशन क 15 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस परा कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजो के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।
उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा की किसी को आक्षेप नही हैऔर तदनुसार मामले का निपटारा किया जावेगा।
यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज...... को जारी की गई।
प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त,
नगरपरिषद हनुमानगढ़

